स्वच्छ सर्वेक्षण 2022, भिलाई में स्वच्छतम प्रतियोगिता का आगाज, स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

भिलाई नगर/ स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में सफलता प्राप्त करने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छतम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है , निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं और साथ ही इस प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संस्थानों को भाग लेने की अपील भी की है। निकाय क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छतम मोहल्ला , स्वच्छतम विद्यालय, स्वच्छतम होटल, स्वच्छतम शासकीय कार्यालय , स्वच्छतम बाजार एवं स्वच्छतम हॉस्पिटल की प्रतियोगिता इसमें सम्मिलित है। महापौर नीरज पाल ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में भिलाई निगम को नंबर वन लाने शहरवासियों से अपील की है। नगर पालिक निगम भिलाई के प्रत्येक जोन के 6-6 संस्थानों से पंजीयन फार्म भराकर एवं पंजीयन फार्म की प्राप्ति के अनुसार निरीक्षण कर विजेता घोषित कर प्रशस्ति पत्र से इन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियां भिलाई निगम में तेज हो गई और निगम ने स्वच्छता में अच्छे कार्य करने वाले विद्यालय, अस्पताल, बाजार, मोहल्ला, होटल एवं शासकीय कार्यालय को स्वच्छ सर्वेक्षण से जोड़ने प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इसके लिए इन्हें एक पंजीयन फार्म भरकर जमा करना होगा। इस पंजीयन फार्म के आधार पर नगर पालिक निगम भिलाई के जोन कार्यालय के अधिकारी इसका निरीक्षण कर अंक देंगे और इन्हीं अंकों के आधार पर विजेता घोषित किया जाएगा। हॉस्पिटल के संबंध में हॉस्पिटल की अधोसंरचना प्रवेश एवं निकास द्वार, हॉस्पिटल के कोरिडोर, कूड़ेदान की व्यवस्था, अपशिष्ट संग्रहण हेतु उपकरण उपलब्धता, गीले कचरे का निपटान, सफाई हेतु उपकरणों की उपलब्धता, क्लीनिकल तथा गैर क्लीनिकल स्टॉफ हेतु साफ-सुथरे प्रसाधन एवं स्नानागार घर की उपलब्धता इत्यादि मापदंड निर्धारित किए गए है। बाजार क्षेत्र के लिए प्रसाधनों की व्यवस्था , बाजार क्षेत्र के अंदर एवं बाहर परिसर की साफ-सफाई, दुकानों में कूड़ेदान की उपलब्धता , गीले कचरे का निपटान , बाजार के अंदर एवं बाहर संकेतक चिन्ह, पक्की सड़क एवं नालिया, बाजार में प्लास्टिक कैरी बैग प्रतिबंधित इत्यादि को मापदंड बनाया गया है। स्वच्छतम मोहल्ला के संबंध में आवासीय परिसर की बाउंड्री वाल, परिसर के अंदर की सड़क, परिसर के फुटपाथ, सफाई हेतु उपकरण, उद्यान इत्यादि को मापदंड बनाया गया है। शासकीय कार्यालय की प्रतियोगिता हेतु पूरे परिसर की सफाई , शौचालय की स्थिति, कार्यालय का रंग-रोगन,100 मीटर की दूरी की सफाई , स्वच्छता संदेश का प्रदर्शन , यूजर चार्ज का भुगतान , गार्डन एवं वृक्षारोपण, अपशिष्ट संग्रहण के लिए अलग-अलग कूड़ेदान को मापदंड का आधार माना गया है। इसके अलावा नागरिक प्रतिक्रिया को देखते हुए अंक निर्धारित किए गए हैं। इन सभी मापदंडों के आधार पर अंक देकर स्वच्छतम विद्यालय , हॉस्पिटल, बाजार, मोहल्ला, होटल एवं शासकीय कार्यालय का चयन कर उन्हें विजेता घोषित करते हुए सम्मानित किया जाएगा। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के लिए भिलाई निगम ने प्रचार प्रसार के तहत वॉल पेंटिंग बनाना भी प्रारंभ कर दिया है।

स्वच्छ
सर्वेक्षण
2022
नगर पालिक निगम भिलाई

75
आज़ादी का
अमृत महोत्सव
भिलाई की ब्यूटी-हम सबकी ड्यूटी
स्वच्छ
सर्वेक्षण 2022
नगर पालिक निगम भिलाई